कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड
कोच्ची - 682015
(कार्मिक एवं प्रशासन विभाग)

सं. का व प्र /18(220)/2020 28 फरवरी 2020

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, भारत सरकार की एक सूचीबद्ध प्रीमियर मिनिरत्न कंपनी, निम्नलिखित शाखा में **कार्यपालक प्रशिक्षार्थी** के पद को भरने के लिए युवा पेशेवरों से **ऑनलाइन आवेदन** आमंत्रित करते हैं।

## क. शाखा, रिक्तियां और शैक्षिक योग्यता:

| क्र.सं. | शाखा | रिक्तियों की संख्या / आरक्षण संबंधी ब्योरा | शैक्षिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | सूचना प्रौद्योगिकी | 4 पद (1 अनारक्षित, 1 ईडब्ल्यूएस, 1 अ पि व, 1 अ ज जा) | **आवश्यक:-**<br>एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में 65% अंक के साथ इंजीनियरिंग में उपाधि। **या**<br>एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर अनुप्रयोग/ कंप्यूटर विज्ञान/ सूचना प्रौद्योगिकी में 65% अंक के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।<br><br>**वांछनीय:-**<br>प्रोग्रामिंग भाषा/ डीबीएमएस/ नेटवर्किंग/ ईआरपी प्रणाली पर प्रतिष्ठित एजेंसियों/ संगठनों से वैध प्रमाणीकरण । |

उम्मीदवार नियुक्ति के बाद कोच्ची/ भारत तथा विदेश के परियोजना में कहीं भी तैनात किया जाएगा।

## ख. क्षतिपूर्ति और लाभ

कार्यापालक प्रशिक्षार्थी के रूप में चयनित उम्मीदवार को एक वर्ष के प्रशिक्षण केलिए जाना होगा, जिसमें प्रशिक्षार्थी को ₹ 50,000/- रुपए के समेकित मासिक वेतन का भुगतान किया जाएगा। यदि आवश्यक हो, तो, प्रशिक्षार्थी को सामान्य कार्य घंटे के परे और बंद छुट्टियों पर प्रशिक्षण के अतिरिक्त घंटे केलिए रखा जाएगा और ऐसे मामलों पर प्रति महीने अधिकतम ₹ 3000/- की सीमा में अतिरिक्त वेतन का भुगतान किया जाएगा। एक वर्ष के प्रशिक्षण की सफल पूर्ति पर, कार्यपालक प्रशिक्षार्थियों को ₹40000-3%-140000 के वेतनमान में ई-1 ग्रेड में सहायक प्रबंधक के रूप में नियुक्त करने केलिए विचार किया जाएगा और वेतनमान की शुरुआती से वेतन नियत किया जाएगा। मूल वेतन के अलावा, उम्मीदवार लागू अनुसार औद्योगिक महंगाई भत्ता, मूल वेतन के 16% की दर पर एचआरए, मूल वेतन के 35% तक अनुलब्धियां, अंशदायी भविष्य निधि योजना, दुर्घटना बीमा कवरेज, छुट्टी का नकदीकरण, अंशदायी चिकित्सा बीमा नीति के अधीन चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति, स्वीकार्य कार्य निष्पादन भुगतान आदि केलिए योग्य होंगे। तिथि के अनुसार न्यूनतम पैमाने पर सीटीसी प्रति वर्ष लगभग ₹ 12 लाख है।

## ग. दिनांक 08 अप्रैल 2020 को आयु सीमा

(i) **पद केलिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा दि. 08 अप्रैल 2020 के अनुसार 27 वर्ष होगा।** आरक्षित पदों पर अन्य पिछडे वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों केलिए अधिकतम आयु सीमा में 3 वर्ष और अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों केलिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। बैंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी) केलिए अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट दी जाएगी।

(ii) जन्म प्रमाणपत्र/ मैट्रिक/ माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र/ आधार कार्ड/ पासपोर्ट में दर्ज की गई जन्म तिथि को ही स्वीकार किया जाएगा। अन्य प्रमाणपत्रों में दर्ज जन्मतिथि में भिन्नता के मामले में, आधार कार्ड में दर्ज जन्म तिथि को लिया जाएगा।

## घ. चयन की रीति

(i) चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी :

**(क) चरण-I - वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा (60 अंक)**

ऑनलाइन परीक्षा 60 **मिनिट की अवधि** की होगी , जिसमें सामान्य अवबोध (5 अंक), अंग्रेज़ी भाषा (5 अंक), संख्यात्मक योग्यता (5 अंक), तार्किक योग्यता (5 अंक) तथा विषय आधारित क्षेत्रों (40 अंक) के **60 बहुविकल्प प्रश्न** शामिल हैं। हर प्रश्न केलिए 1 अंक होता है और नेगटीव अंक नहीं है।

**(ख) चरण -II - ग्रूप चर्चा, लेखन कौशल और वैयक्तिक साक्षात्कार (40 अंक)**

(ii) चयन के मेरिट सूची तैयार करने हेतु अंक केलिए निम्नलिखित पैरामीटर नियत किया है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| क) | वस्तुनिष्ठ प्रकार की ऑनलाइन परीक्षा | : | 60 अंक |
| ख) | ग्रूप चर्चा (जी डी) | : | 10 अंक |
| ग) | लेखन कौशल | : | 10 अंक |
| घ) | वैयक्तिक साक्षात्कार | : | 20 अंक |
| | **कुल** | **:** | **100 अंक** |

(iii) ऑनलाइन आवेदनों की संख्या के आधार पर, चयन प्रक्रिया कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, कोच्ची या कोच्ची/ केरल के अन्य किसी जगह में आयोजित की जाएगी।

(iv) चरण-II (ग्रूप चर्चा, लेखन कौशल और वैयक्तिक साक्षात्कार) से पहले प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए, उम्मीदवारों को पदों के मेरिट/ आरक्षण के क्रम में ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर प्रत्येक पद केलिए 1:6 अनुपात में लघुसूचीगत किया जाएगा। शाखा-वार मेरिट सूचियों को ऑनलाइन परीक्षा में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों की प्रतिशतता के आधार पर तैयार किया जाएगा। एक से अधिक उम्मीदवार द्वारा समान अंक प्राप्त करने के मामले में, ऑनलाइन परीक्षा के विषय भाग में प्राप्त अंक को मेरिट सूची के क्रम को निर्धारित करने का आधार होगी। इसके बाद, बराबरी के मामले में, संबंधी मेरिट को आयु में वरिष्ठता के आधार पर नियत किया जाएगा।

(v) हालांकि, सीएसएल को ग्रूप चर्चा/ वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए उम्मीदवारों को लघुसूचीगत करने हेतु ऑनलाइन परीक्षा में पास होने केलिए न्यूनतम अंक तय करने का अधिकार है और ऐसे मामले में लघुसूचीगत का अनुपात 1:6 से कम हो सकता है।

## ङ. शर्तें

### क. आरक्षण

(i) अनुसूचित जाति (अजा)/ अनुसूचित जन जाति (अजजा) /अन्य पिछडे वर्ग (अपिव) /अपिव (अल्पसंख्यक) /ईडब्ल्यूएस/ बैचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) उम्मीदवारों को लागू आरक्षण पर भारत सरकार के निदेशों को लागू करेंगे और सख्ती से अनुवर्तित करेगा।

(ii) यदि आवेदक अ जा अथवा अ ज जा अथवा अ. पि. व (गैर क्रीमी लेयर) का है तो तहसीलदार की पदवी से कम न हो, राजस्व प्राधिकारी द्वारा जारी *वैध अद्यतन समुदाय प्रमाणपत्र* प्रस्तुत करना चाहिए, ऐसे प्रमाणपत्र के बिना उनकी उम्मीदवारी और श्रेणियों केलिए लागू अन्य रियायतों/छूट में विचार नहीं किया जाएगा ।

(iii) पीडब्ल्यूबीडी व्यक्तियों के मामले में अशक्तता की मात्रा न्यूनतम 40% होना चाहिए। उम्मीदवारों के पास अशक्तता के प्रमाण में भारत सरकार/ राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्राधिकरण से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त *वैध अशक्तता प्रमाणपत्र* होना चाहिए।

(iv) ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को किसी भी निम्न प्राधिकारी द्वारा जारी *वैध आय और संपत्ति प्रमाणपत्र* निर्धारित प्रारूप में दिया जाना चाहिए । यही प्रमाणपत्र ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिसे चूकने पर उनकी उम्मीदवारी को ईडब्ल्यूएस श्रेणी के तहत आरक्षण के खिलाफ नहीं माना जाएगा :

- जिला मजिस्ट्रेट/ अपर जिला मजिस्ट्रेट/ जिलाधीश/ उपायुक्त/ अपर उपायुक्त/ प्रथम श्रेणी वजीफा मजिस्ट्रेट / उप-विभागीय मजिस्ट्रेट/ तालुक मजिस्ट्रेट/ कार्यपालक मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक आयुक्त।
- मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट /अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट /प्रेसीडेसी मजिस्ट्रेट
- राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार के पद से नीचे का ना हो
- उप-विभागीय अधिकारी या वह क्षेत्र जहां उम्मीदवार और/ या उसका परिवार सामान्यतया रहता हो।

**ख) पद केलिए बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्तियों केलिए शारीरिक योग्यता :**

| क्र.सं | शाखा | दिनांक 15.01.2018 के डीओपीटी का.ज्ञा.सं. 36035/02/2017- स्था. (रेसि.) के खंड 2.2 के अनुसार बैंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्तियों की श्रेणियां | शारीरिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| (i) | सूचना प्रौद्योगिकी | खंड 2.2 (क,ख,ग और ङ) के अधीन पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणियां | एस, एसटी, आरडब्ल्यू, एमएफ, एसई, एच |

**संक्षेप में उपयुक्त:** एस- बैठना, एसटी- खडा होना, एमएफ- उंगली चलाना, आरडब्ल्यू- पढना और लिखना, एसई- देखना, एच- सुनना

**ग. योग्यता:**

(i) पद केलिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता ए आई सी टी ई/ भारत में उचित सांविधिक प्राधिकरण द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से होना चाहिए ।

(ii) जिन उम्मीदवार के पास निर्धारित योग्यताओं में से किसी के समतुल्य योग्यता है वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी तुल्यता प्रमाणपत्र के साथ प्रस्तुत होना चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र के बिना, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं की जाएगी।

(iii) कुछ विश्वविद्यालय/ संस्थान श्रेणी या अंक की प्रतिशतता न देकर कुल ग्रेड पोइन्ट (उदा : सीजीपीए / ओजीपीए/ सीपीआई आदि ) देते हैं। विश्वविद्यालय /संस्थान उम्मीदवारों की अंक सूची में कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक निर्धारित करने के मामले में वही स्वीकार किया जाएगा। फिर भी जहाँ विश्वविद्यालय /संस्थान कुल ग्रेड पोइन्ट की श्रेणी और /या अंक की प्रतिशतता के परिवर्तन के लिए मानक प्रदान की गई नहीं है,अपेक्षित अंक की प्रतिशतता प्राप्त करने के लिए कुल ग्रेड पोइन्ट को 10 से गुणा किया जाएगा। उम्मीदवार को प्राप्त अंकों की प्रतिशतता निर्दिष्ट रूप में सूचित करना चाहिए (निकटतम 2 डेसिमल तक गणित किया जाए)। उम्मीदवार को प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए बुलाए जाने पर अंको की प्रतिशतता की समतुल्यता को प्रमाणित करनेवाले विश्वविद्यालय से जारी समतुल्य प्रमाणपत्र/ दस्तावेज प्रस्तुत करना है।

(iv) उपर्युक्त पैरा क में सूचित योग्यता पाठ्यक्रम के अंतिम परीक्षा / सेमेस्टर केलिए भाग लेनेवाले उम्मीदवार पिछले सेमेस्टरों में प्राप्त कुल अंक देते हुए भी आवेदन दे सकते हैं। ऐसे उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा के बाद लघुसूचीगत किए जाने पर, प्रमाणपत्र सत्यापन के समय विज्ञापन में निर्दिष्ट अपेक्षित अंकों की प्रतिशतता के साथ योग्य उपाधि पूरा करनेवाले दस्तावेज़ी प्रमाण प्रस्तुत किया जाना चाहिए। प्रमाणपत्रों के सत्यापन/ ग्रूप चर्चा/ साक्षात्कार की तिथि सीएसएल वेबसाइट में उचित समय में अधिसूचित किया जाएगा।

**घ. सेवा समझौता :**

(i) चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण की सफल पूर्ति के बाद कम से कम पांच वर्ष की अवधि केलिए कंपनी की सेवा करने केलिए एक सेवा समझौता और समझौते के उल्लंघन केलिए ₹ 5 लाख (रुपए पांच रुपए) की राशि चुकाने केलिए एक परिसमाप्ति क्षति के रूप में सेवा समझौता निष्पादित करने की आवश्यकता है।

**ङ. ऑनलाइन अपलॉड करनेवाले दस्तावेज़:**

(i) उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि आयु, योग्यता, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण में सभी प्रमाणपत्र और एक हाल ही के पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो, हस्ताक्षर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरू होने से पहले अपलॉड करने केलिए तैयार है। **सभी शैक्षिक योग्यताओं के प्रमाण के रूप में प्रमाणपत्रों/ अंकों की प्रतियां, आयु, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण में प्रमाणपत्र आदि अपलॉड किया जाना है, ऐसा न होने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(ii) सरकारी विभागों या अर्ध सरकारी / सार्वजनिक उद्यमों में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में, उन्हें बाहर रोजगार केलिए आवेदन करने केलिए अपने संगठनों में लागू नियम/ प्रक्रियाओं का अनुपालन करना चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों के चयनित होने पर उन्हें केवल अपने नियोक्ता से कार्यमुक्ति आदेश की प्रस्तुति पर ही नियुक्ति प्रस्ताव पर निर्दिष्ट तिथि पर ड्यूटी केलिए कार्यभार ग्रहण केलिए अनुमति दी जाएगी।

**च. आवेदन शुल्क:**

(i) ऑनलाइन भुगतान विकल्प (डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग) का प्रयोग करते हुए **₹ 750/- (गैर वापसी, अतिरिक्त बैंक चार्ज के साथ)** का आवेदन शुल्क प्रेषित ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के ज़रिए **दिनांक 04 मार्च 2020 से 08 अप्रैल 2020** तक किया जाना चाहिए। **अन्य किसी रीति में किए गए भुगतान को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

(ii) **अ जा/ अ ज जा/बैंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्तियों से जुडे उम्मीदवारों केलिए कोई आवेदन शुल्क नहीं हैं।** उन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई हैं।

(iii) शुल्क लागू सभी आवेदकों, अर्थात् अ जा/ अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी को छोडकर, सभी को आवेदन शुल्क अदा करना चाहिए। **यह नोट करना महत्वपूर्ण है कि अपनी उम्मीदवारी केवल आवेदन शुल्क की प्राप्ति पर ही विचार किया जाएगा।**

## छ. आवेदन कैसे करें:

(i) ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व **आवेदक हमारे वेबसाइट** www.cochinshipyard.com **(कैरियर पृष्ठ) में दिए यूज़र मैनुवल और एफएक्यू पढना चाहिए।** आवेदन में दो चरण है- **एक बार पंजीकरण और लागू पद केलिए आवेदन प्रस्तुत करना।** उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन न प्रस्तुत करें। एक बार प्रस्तुत किया आवेदन अंतिम होगा।

(ii) आवेदक, जो अधिसूचित अपेक्षाएं पूरा करते हैं, वे **एसएपी ऑनलाइन पोर्टल में एक बार पंजीकरण और आवेदन प्रस्तुत करना है**। हमारे वेबसाइट www.cochinshipyard.com (कैरियर पृष्ठ) में ऑनलाइन के ज़रिए **दिनांक 04 मार्च 2020 से 08 अप्रैल 2020 तक** आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा उपलब्ध होगी। **सीधे या अन्य किसी प्रकार में प्रस्तुत आवेदन स्वीकृत नहीं किया जाएगा**।

(iii) **ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, आयु, शैक्षिक योग्यता, जाति, दिव्यांगजता आदि के सबूत में सभी प्रमाणपत्र और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में अपलॉड करने केलिए सिस्टम में तैयार रखना चाहिए ।**

(iv) उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि आयु, शैक्षिक योग्यता, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्रों और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन के अंतिम प्रस्तुति के पहले अपलॉड किया है, यदि असफल हो जाए तो, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द की जाएगी।

(v) आवेदक यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियाँ सही रूप में भरा गया है और आवेदन सफल रूप से प्रस्तुत किया गया है। किसी भी भाग में बेकार विवरणों को प्रस्तुत करना आपका आवेदन अस्वीकार करने का कारण बन सकता है।

(vi) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। **कृपया नोट करें कि अपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।**

(vii) **ऑनलाइन के जरिए आवेदन करने के बाद, उम्मीदवार अपने संदर्भ केलिए सिस्टम द्वारा प्रजनित एकमात्र पंजीकरण संख्या के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र का एक सॉफ्ट कॉपी/ प्रिंटआउट लें। इस पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है कि ऑनलाइन आवेदन सफल रूप में प्रस्तुत करने पर ही एकमात्र पंजीकरण संख्या प्राप्त किया जाएगा ।** ***ऑनलाइन आवेदन के पंजीकृत संख्या को सीएसएल के साथ पत्राचार के समय दिखाना चाहिए।***

(viii) **आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन की मुद्रित प्रति/ प्रमाणपत्र/डीडी/चालान/चेक के रूप में आवेदन शुल्क आदि डाक द्वारा कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को अग्रेषित करने की आवश्यकता नहीं है ।**

(ix) एसएपी ऑनलाइन आवेदन सुविधा के ज़रिए आवेदन देने केलिए **दिनांक 04 मार्च** 2020 से और ऑनलाइन द्वारा आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 08 **अप्रैल** 2020 तक प्रकार्यात्मक रहेगा। अंतिम तिथि पर वेबसाइट में भारी भीड़ दूर करने केलिए, जो आवेदन की गैर - प्रस्तुति केलिए कारण हो सकता है, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सीएसएल वेबसाइट में लॉग इन करें और अंतिम तिथि से पहले ही आवेदनों को प्रस्तुत करें।

***आवेदन की अंतिम तिथि पर आवेदन करने वालों को अंतिम तिथि पर 1700 बजे के बाद एसएपी आवेदन पोर्टल में कोई समस्या निवारण सहायता / तकनीकी सहायता नहीं मिल सकती है।***

छ) **सामान्य:**

(i) **पद केलिए प्राप्त ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर, योग्यता परीक्षाओं में नियत न्यूनतम पात्रता अंक से उच्चतम कट-ऑफ अंक नियत करने और तदनुसार चयन केलिए विचार करने हेतु उम्मीदवारों को लघुसूचीगत करने का अधिकार होगा।**

(ii) **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन प्रस्तुत करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी पदों केलिए रिक्ति अधिसूचना के अनुसार योग्यता अपेक्षाएँ रखते हैं।**

(iii) शिपयार्ड को उनके आवेदन प्रपत्र में सूचितानुसार शैक्षिक योग्यता/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाओं के सबूत में उम्मीदवारों से अन्य कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ी सबूत मांगने का अधिकार है, और ऐसे प्रश्नों की सूचना एवं उत्तर ई-मेल career@cochinshipyard.com द्वारा होना चाहिए । फिर भी, कोचीन शिपयार्ड निर्धारित तिथि एवं समय पर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/ गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । ऐसे प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त होने पर, उस पर विचार नहीं किया जाएगा, और आगे कोई पत्राचार इस संबंध में प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा ।

(iv) सीएसएल द्वारा जारी विज्ञापन अधिसूचना के अन्य निदेशों के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। **कृपया नोट करें कि अपूर्ण आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा।**

(v) ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेनेवाले उम्मीदवार जो बैंचमार्क दिव्यांगजन व्यक्तियों से जुडे हैं और सर्विस ऑफ स्क्राइब की आवश्यकता है, दिव्यांगजता के प्रमाण केलिए अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाणपत्र लाना चाहिए।

(vi) उम्मीदवार फोटो पहचान प्रमाण (मूल) जैसे आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान पत्र आदि, विधिवत् हस्ताक्षरित ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र की मुद्रित प्रति (एकमात्र पंजीकरण संख्यावाले) और आयु, योग्यता, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण में सभी मूल प्रमाणपत्र के साथ इन प्रमाणपत्रों के साक्ष्यांकित प्रतियां साक्षात्कार/ ग्रूप चर्चा के समय लाना चाहिए औ उनकी उम्मीदवारी, इन प्रमाणपत्रों के बल पर किया जाएगा। सत्यापन के समय मूल प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असफल होने पर, उम्मीदवारी रद्द किया जाएगा।

(vii) उम्मीदवार जो सरकारी विभागों या अर्ध सरकारी/ सार्वजनिक उद्यमों में कार्यरत हैं, प्रमाणपपत्र सत्यापन/ साक्षात्कार के समय नियोक्ता से **"अनापत्ति प्रमाणपत्र"** प्रस्तुत किया जाना चाहिए, **ऐसा न होने पर साक्षात्कार केलिए अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी रद्द/ अस्वीकार किया जाएगा।**

(viii) उम्मीदवार प्रमाणपत्र सत्यापन प्रक्रिया के दौरान मूल प्रमाणपत्र और अंक सूची प्रस्तुत करने में असफल हो जाए तो ग्रूप चर्चा, लेखन कौशल और वैयक्तिक साक्षात्कार (चरण - II) केलिए भाग लेने हेतु अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ix) वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षा केलिए भाग लेने वाले उम्मीदवारों केलिए कोई यात्रा भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा। फिर भी प्रमाणपत्र सत्यापन केलिए भाग लेने वाले अजा/ अजजा/ पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को प्रमाण की प्रस्तुति पर अपने ऑनलाइन प्रपत्र में सूचित पते से कोचीन शिपयार्ड की ओर से सबसे छोटे मार्ग केलिए कंपनी के नियमानुसार पद केलिए ग्राह्य आगे- पीछे के तीसरे वातानुकूलित रेल भाड़ा की पूतिपूर्ति की जाएगी। उम्मीदवारों को प्रमाणपत्र सत्यापन के समय यात्रा प्रतिपूर्ति दावा करने केलिए खाता संख्या और आईएफएससी कोड के साथ बैंक पासबुक के पहले पृष्ठ की प्रति प्रस्तुत करना है और योग्य प्रतिपूर्ति एनईएफटी द्वारा खाते में

क्रेडिट की जाएगी। केवल उपर्युक्त विवरण प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को ही यात्रा खर्च की प्रतिपूर्ति दी जाएगी। फिर भी, प्रमाणपत्र सत्यापन के समय, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार किसी भी अधिसूचित पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करता है तो, उन्हें चरण II में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही कोई यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

(x) अपात्रता के मामले में आवेदन रद्द करने के संबंध में पत्राचार पर नहीं विचार किया जाएगा।

(xi) **बुलावा पत्रों को डाक द्वारा योग्य उम्मीदवारों को नहीं भेज दिया जाएगा।** उन्हें ईमेल/ एसएमएस/सीएसएल वेबसाइट www.cochinshipyard.com द्वारा बुलावा पत्र डाउनलॉड करने केलिए सूचित किया जाएगा। चयन की अनुसूची एसएमएस/ ईमेल/ सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से लघुसूचीगत आवेदकों को सूचित की जाएगी।

(xii) केवल ऑनलाइन आवेदन की प्रस्तुति और वैयक्तिक साक्षात्कार केलिए प्रवेश पत्र जारी करना उम्मीदवार को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं देगा या पात्रता मानदंड पूरा करने की अभिस्वीकृति के रूप में अनुमान नहीं किया जा सकेगा।

(xiii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति चरित्र व पूर्ववृत्त के सत्यापन और यदि लागू हो, तो जाति प्रमाणपत्रों के सत्यापन के अधीन होगी।

(xiv) उम्मीदवार को कंपनी द्वारा निर्धारितानुसार चिकित्सा योग्यता मानकों को पूरा करना है और अच्छा स्वास्थ्य रखना चाहिए। चयनित आवेदकों को अपने खर्च में कंपनी द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा परीक्षा में जाना होगा और सभी उम्मीदवारों की चिकित्सा योग्यता आगे सीएसएल के कंपनी चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रमाणित करने के अधीन है। उम्मीदवार जो चिकित्सा योग्यता मानकों को पूरा नहीं करता है, उन्हें नियुक्ति केलिए विचार नहीं किया जाएगा।

(xv) सीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक उद्यमों में पहले ही कार्यरत किसी उम्मीदवार के पिछले रोज़गार के वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन अंशदान आदि के कारण किसी देयता को नहीं संभालेगा।

(xvi) प्रतीक्षा सूची पद हेतु बनाए रखा जाएगा और इसमें शामिल होने की तिथि भीतर रैंक सूची से कोई उम्मीदवार के शामिल न होने के कारण होनेवाली रिक्तता की स्थिति में संचालित की जाएगी जैसा कि उम्मीदवार को जारी किए गए नियुक्ति के प्रस्ताव में निर्धारित किया गया है या जहाँ एक उम्मीदवार पद से जुड जाता है और सीएसएल में शामिल होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के दौरान किसी व्यक्ति की मृत्यु होने या पद से इस्तीफा दे देता है। प्रतीक्षा सूची की वैधता, अवधि, परिणाम के प्रकाशन की तारीख से एक वर्ष तक या नियुक्ति की तिथि से उम्मीदवारों को जारी किए गए नियुक्ति प्रस्ताव में निर्धारित, जोभी पहले हो, जब तक कि उस पद ते लिए नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती है। ऊपर बताई गई रिक्ति को एक ताजा रिक्ति के रूप में नहीं माना और इस अधिसूचना के सामने भरे गए पदों की वास्तविक संख्या किसी भी परिस्थिति में इस अधिसूचना में इंगित रिक्तियों की संख्या से अधिक नहीं होगी।

(xvii) उपरोक्त या किसी अन्य शर्तों के बावजूद कोचीन शिपयार्ड को अधिसूचित रिक्तियां न भरने का भी अधिकार होगा। इसके अलावा अधिसूचित रिक्तियों को भरने हेतु रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन किया जाएगा। कोचीन शिपयार्ड को यदि अपेक्षित है तो, सूचना के बिना अथवा उसके लिए कोई भी कारण नियत किए बिना भर्ती प्रक्रियाएं सीमित करने / बदलने/ रद्द करने / परिवर्तन करने का अधिकार है।

(xviii) यदि किसी स्थिति में, कोई सूचित कार्य असत्य/ गलत पाया गया या उम्मीदवार योग्यता अपेक्षाओं को पूरा न करते हैं तो, बिना सूचना के उम्मीदवारी / नियुक्ति, रद्द/ अस्वीकृत की जाएगी।

(xix) **उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि आयु, शैक्षिक योग्यता, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्रों और हाल ही में लिए पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटो एसएपी ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में अपलॉड किया है और यदि असफल हो जाए तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द की जाएगी।**

(xx) इस विज्ञापन से व्युत्पन्न किसी दावा अथवा विवाद के संबन्ध में किसी वैध कार्रवाई और/अथवा इस संबन्ध में आवेदन केवल एर्णाकुलम में अधिकार क्षेत्र होने वाले न्यायालय/ट्रिब्यूनल/मंच में संस्थापित कर सकता है और ऐसे न्यायालय व प्राधिकरण को एकमात्र तथा विशिष्ट अधिकार क्षेत्र होगा।

(xxi) विज्ञापन में कोई आशोधन, संशोधन अथवा परिवर्धन केवल सीएसएल वेबसाइट में दी जाएगी

(xxii) कोई भी स्पष्टीकरण केलिए, कृपया career@cochinshipyard.com. ईमेल के ज़रिए संपर्क करें।

**च. महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | | |
|---|---|---|
| **ऑनलाइन आवदेन का प्रारंभ** | **:** | **04 मार्च 2020** |
| **ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि** | **:** | **08 अप्रैल 2020** |

**" किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी। "**
**"केवल भारतवासी ही आवेदन करें ।"**

**ह/-**
**मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन व प्रशिक्षण)**